जनसंदेश टाइम्स

लखनऊ, मंगलवार, 13 सितम्बर, 2016

# भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान को शोध नेतृत्व पुरस्कार

**लखनऊ।** भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान को गन्ना शोध में पिछले एक दशक के दौरान उत्कृष्ठ कार्य के लिए शोध नेतृत्व पुरस्कार-2016 प्रदान किया गया। यह पुरस्कार 9वां विश्व कृषि नेतृत्व सम्मेलन-2016 के अवसर पर आयोजित भव्य पुरस्कार समारोह में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल राम नाइक द्वारा दिया गया। हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर केएस सोलंकी, राज्यसभा के उप सभापति प्रोफेसर पीजे कुरीयन तथा देश एवं विदेशों के अन्य अतिथियों व वैज्ञानिकों की उपस्थिति में राम नाइक ने संस्थान के निदेशक डॉ एडी पाठक तथा संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ एके साह को पुरस्कार स्वरूप एक स्मृति चिन्हत था प्रशंसात्मक उद्धरण देकर सम्मानित किया।

इस विश्व कृषि सम्मेलन का आयोजन दिल्ली के ताज होटल में बीते 8-9 सितम्बर को भारतीय खाद्य एवं कृषि परिषद् द्वारा किया गया था। जिसमें भारत सहित विश्व के लगभग 10-15 देशों के वैज्ञानिकों,उद्यमियों, नितिनिमार्ताओं, राजनेताओं, राजदूतों, प्रशासकों ने भाग लिया तथा विश्व स्तर पर कृषि के क्षेत्र में किए जा रहे शोध कार्यों, विकास गतिविधियों तथा निवेश निमार्ताओं द्वारा किए जा रहे नवोन्मेषी प्रयासों पर गहन विचार विमर्श करते हुए आगे की रणनीति बनाने पर चर्चा की। पिछले एक दशक में संस्थान द्वारा विकसित गन्ना की उन्नत किस्मों, बीज उत्पादन तकनीकों,गन्ना मशीनों तथाअन्य तकनीकों को किसानों तक पहुँचाने के लिए सरहनीय प्रसार व प्रशिक्षण कार्य के लिए शोध नेतृत्व पुरस्कार से नवाजा गया।

डॉ साह ने इस पुरस्कार को भविष्य में और उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताते हुए कहा कि आगे भी संस्थान किसानों तथा चीनी उद्योग की बेहतरी के लिए समर्पण भाव से कार्य करता रहेगा।

आरएनआई संख्या-UPHIN-2008/44651

लखनऊ, मेरठ, गाजियाबाद एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

प्रभात

प्रभात

मंगलवार, 13 सितम्बर 2016

# भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ को शोध नेतृत्व पुरस्कार

लखनऊ। प्रभात

भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ को गन्ना शोध में पिछले एक दशक के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए शोध नेतृत्व पुरस्कार-2016 प्रदान किया गया। यह पुरस्कार नौवाँ विश्व कृषि नेतृत्व सम्मेलन-2016 के अवसर पर आयोजित पुरस्कार समारोह में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल राम नाइक द्वारा दिया गया। हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर के.एस. सोलंकी, राज्यसभा के उप सभापति प्रोफेसर पी.जे. कुरीयन तथा देश एवं विदेशों के अन्य गणमान्य अतिथियों, वैज्ञानिकों की उपस्थिति में मुख्य अतिथि राम नाइक ने संस्थान के निदेशक डा. ए.डी. पाठक तथा संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डा. ए.के. साह को पुरस्कार स्वरूप एक स्मृति चिन्ह तथा प्रशंसात्मक उद्धरण देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि पिछले एक दशक में संस्थान द्वारा विकसित गन्ना की उन्नत किस्मों (कोलख 94184, 9709, तथा 7201), बीज उत्पादन तकनीकों, गन्ना मशीनों तथा अन्य तकनीकों को किसानों तक पहुँचाने के लिए सरहनीय प्रसार व प्रशिक्षण कार्य के लिए शोध नेतृत्व पुरस्कार से नवाजा गया। डा. साह ने इस पुरस्कार को भविष्य में और उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताते हुए कहा कि आगे भी संस्थान किसानों तथा चीनी उद्योग के बेहतरी के लिए समर्पण भाव से कार्य करता रहेगा।

the pioneer
LUCKNOW | TUESDAY | SEPTEMBER 13, 2016

## AWARD

At the 9th Global Agriculture Leadership Summit-2016 in New Delhi, UP Governor Ram Naik gave away the Research Leadership Award to the Indian Institute of Sugarcane Research, Lucknow. Director AD Pathak, and principal scientist at IISR AK Sah received the award.